वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 263 शनिवार 20 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## जयपुर में सीएम भजनलाल बने थानेदार!



**जयपुर. कासं।** सीएम भजनलाल शर्मा शुक्रवार रात 12 बजे बाद अचानक ओटीएस स्थित सीएम आवास से निकल रेलवे स्टेशन के पास सदर थाने पहुंचे। देर रात की गतिविधियां और पुलिस की चौकसी देखी। वे सीधे थानाधिकारी कक्ष में पहुंचे और रोजनामचे की कॉपी मांगी। वहां ड्यूटी ऑफिसर सीएम से बोला- वह तो कंप्यूटर में है। सीएम ने सबको साथ बुलाकर हाजिरी ली कि कितने ड्यूटी पर हैं। इनमें कितने थाने में, कितने चेतक या गश्त पर हैं। इसके बाद भजनलाल शर्मा ने मध्य रात्रि में शहर का जायजा लिया। सदर थाने पुलिस थाने के स्टाफ से बात कर जानकारी लेने के बाद रेन बसेरों का जायजा लिया। इस दौरान जागे हुए कुछ लोगों से बात भी की। उनकी समस्याओं के बारे में जाना। गौरतलब है कि ऐसा पहला मौका नहीं है जब सीएम औचक दौरे पर पहुंचे हो। कुछ दिन पहले सीएम भजनलाल अचानक मानसरोवर के सिटी पार्क पहुंच गए थे। यहां उन्होंने आम लोगों के साथ मॉर्निंग वॉक की और उनसे बात भी की थी।

# सुर संगम के ऑडिशन में 38 प्रतिभाओं का चयन

### 10 जजों के पैनल ने किया प्रतिभाओं का चयन, 20-22 फरवरी तक होगा मुकाबला

**जयपुर. कासं**

सुर संगम संस्थान के 34वें तीन दिवसीय राष्ट्रीय समारोह ''सुर संगम'' के पिछले दिनों विभिन्न चरणों में हुए ऑन लाइन ऑडिशन में 1000 से भी अधिक युवा प्रतिभाओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। अलग-अलग चरणों में निर्णायकों की ओर से की गई छंटनी के दौरान चयनित देश की कुल 38 प्रतिभाओं को 20 से 22 फरवरी तक जवाहर कला केन्द्र में होने वाले महामुकाबले में अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। चयनित प्रतिभाओं में 12 शास्त्रीय गायन, 12 सुगम गायन, 8 लोक गायन और 6 उप शास्त्रीय गायन विधाओं में थीं। गत वर्ष की प्रथम स्थान पर रही तीन प्रतिभाओं को भी इस महामुकाबले में शामिल किया जाएगा। चयनित 38 प्रतिभाओं में तीन जयपुर, 2 बीकानेर और 1 अलवर से हैं' शेष सिक्किम, बंगाल, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से हैं' सुर संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.सी. मालू ने बताया कि ऑनलाइन ऑडिशन के प्रति युवा कलाकारों का रूझान अच्छा रहा। ऑनलाइन में आए एक हजार से भी अधिक वीडियो में से श्रेष्ठ का चयन 10 जजों के पैनल द्वारा किया गया। <u>प्रतियोगिताओं को मिलेंगे लाखों रुपए के इनाम:</u> सिरमौर मुकाबलों के बाद चयनित प्रतिभाओं को लाखों रुपए के नकद इनाम दिए जाएंगे। पहले स्थान पर रहने वाले को 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, दूसरे स्थान पर रहने वाले चार प्रतियोगितायों को 25-25 हजार रुपए के तारा निर्मल



सेठिया की स्मृति में नकद दिए जाएंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जयपुर से बाहर से आने वाले प्रतियोगियों को ठहरने और भोजन की व्यवस्था निशुल्क रहेगी।

# राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले राममय माहौल की तैयारी

### बीजेपी प्रदेश में कर रही कई आयोजन, शहर बीजेपी ने निकाली श्रीराम यात्रा

**जयपुर. कासं**

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रदेश में राममय महौल तैयार किया जा रहा है। इसे लेकर बीजेपी प्रदेश में कई आयोजन कर रही है। इन्हीं आयोजनों के क्रम में आज शहर बीजेपी की ओर से जयपुर में श्रीराम विशाल यात्रा का आयोजन किया गया। अल्बर्ट हॉल से चारदिवारी स्थिति रोजगारेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली गई इस यात्रा में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, बीजेपी नेता राजेन्द्र राठौड़, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, श्रवण बगड़ी, भाजपा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए।

### प्रदेशभर में चलाया जा रहा स्वच्छ तीर्थ अभियान

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रदेश में स्वच्छ तीर्थ अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश बीजेपी के नेता, पदाधिकारी, मंत्री-विधायक प्रदेश के मंदिरों में साफ-सफाई कर रहे हैं। इस अभियान की शुरूआत प्रदेश में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने जयपुर के रामचंद्रजी के मंदिर में झाड़ू लगाकर की थी। उन्होंने कहा था कि अभियान



के जरिए पूरे पखवाड़े सत्ता और संगठन के योगदान से मंदिरों में स्वच्छता के साथ उनके सौंदर्यीकरण और उनका रिनोवेशन का भी काम हो सकेगा।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों में होगी सजावट

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रदेश के हजारों मंदिरों में सजावट होगी। अभिषेक के साथ भगवान की पूजा-अर्चन होगी। भजन-कीर्तन होंगे और प्रसाद वितरण भी होगा। सभी मंदिरों में दीपक जलाए जाएंगे। इसे लेकर देवस्थान विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरे देश में एक उत्सव की तरह हैं।

# अतिशय क्षेत्रों की यात्रा कर धार्मिक यात्रा दल जयपुर लौटा

## कुण्डलपुर में बडे बाबा आदिनाथ भगवान के अभिषेक सहित अहिंसा शाकाहार एवं भगवान महावीर के सिद्धांतों का किया प्रचार-प्रसार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के बैनर तले भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित अहिंसा, शाकाहार का प्रचार-प्रसार करने एवं 189 फिट ऊचें शिखर पाषाण वाले एशिया महाद्वीप के प्रथम मंदिर कुण्डलपुर बडे बाबा सहित अन्य क्षेत्रों की यात्रा पर गया धार्मिक यात्रा दल जयपुर लौटा। यात्रा दल के जयपुर लौटने पर समाज बन्धुओं द्वारा भावभीना स्वागत किया गया। युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि यात्रा दल जयपुर से रेल द्वारा रवाना होकर मध्य प्रदेश के दमोह होता हुआ सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर बडे बाबा पहुंचा जहां कुण्डलाकार पहाडियों में स्थित विश्व प्रसिद्ध मंदिर में 1500 वर्ष प्राचीन भूगर्भ से प्राप्त 12 फिट ऊंची पदमासन मूलनायक भगवान आदिनाथ बडे बाबा की प्रतिमा के मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किये। प्रथम अभिषेक का पुण्यार्जन रवि जैन एवं दल के सदस्यों ने किया।

तत्पश्चात विश्व में अमन चैन एवं सुख शांति की कामना के साथ जयकारों के बीच शांतिधारा की गई। संयोजक रमेश बाकलीवाल एवं मनोज सोगानी ने बताया कि यात्रा दल के सदस्यों ने भक्ति भाव से भगवान की अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना की। जैन ने बताया कि कुण्डलपुर में 63 गगन चुम्बी जिनालय है तथा कुण्डलपुर अंतिम श्रीधर केवली की निर्वाण स्थली भी है। जिसका जैन दर्शन में बडा महत्व है। जैन के मुताबिक दल के सदस्यों ने श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पटेरिया गढ़ा कोटा में मंदिरों के दर्शन लाभ एवं क्षेत्र की वन्दना की। जैन के मुताबिक श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र विरागोदय पथरिया में नवनिर्मित समवशरण मंदिर के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए विराजमान गणाचार्य विराग सागर महाराज के मुनिसंघो के दर्शन कर आरती का पुण्यार्जन किया। जैन के मुताबिक यात्रा दल द्वारा यात्रा के दौरान भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित अहिंसा, शाकाहार का प्रचार-प्रसार किया गया। यात्रा दल में प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा,रमेश बाकलीवाल, मनोज सोगानी पहाडी वाले, नरेश बाकलीवाल, सौरभ जैन, पूरण गंगवाल, महेश बाकलीवाल, रवि जैन, विनोद सेठी, दिनेश बाकलीवाल, तेजेन्द्र सोगानी, मनीष सेठी सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए।

# अजवाइन है सबसे सस्ता फेट बर्नर, इसको जरूर इस्तेमाल करें

क्या आप काफी समय से वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं और नहीं कर पा रहे हैं या पेट की समस्या से परेशान है, तो ऐसी कई समस्याओं का उपाय, आपके किचन में रखा यह एक मसाला कर सकता है। हम बात कर हैं अजवाइन की, यह एक सबसे सस्ता और फायदेमंद मसाला होने के साथ एक अच्छा फैट बर्नर भी है। अजवाइन का इस्तेमाल भारतीय रसोई में काफी सालों से किया जा रहा है। इसके सेवन से आप आसानी से वजन कर सकते हैं। यह कई स्वास्थ्य संबंधित फायदे भी देती है, जैसे कि पेट दर्द, गैस और पेट के कई रोगों को भी यह दूर करने में मदद करती है। जिन लोगों को गठिया है, उसके उपचार में भी यह काफी लाभदायक साबित हो सकता है। इसका उपयोग हर्बल औषधि में किया जाता है।



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।

**वेट लॉस में मदद करता है:** अजवाइन में थाइमोल नामक एक तत्व होता है, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है। जब आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, तो नया फैट बन नहीं पता है और पुराना फैट आसानी से बर्न होता है, तो अजवाइन का सेवन इस तरह से वजन कम करने में मदद कर सकता है।

**दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है:** अजवाइन में फाइबर, विटामिन ए और अन्य तरह के पोषण पाए जाते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य को सुधार सकती हैं। इस पर हुए शोध में पता चला है कि इसमें एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल से लड़ने में काफी सहायक होती है।

**दर्द निवारक है:** पेट के दर्द में अजवाइन काफी काम आती है, क्योंकि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दर्द को कम करने में मदद करते हैं।दर्द के अलावा यह सूजन को भी कर सकती है। अजवाइन में थाइमोल नामक तत्व होता है, जो एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल:** इसमें मौजूद पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में मदद कर सकता है। हाई पोटैशियम डाइट से उच्च ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**पाचन स्वास्थ्य के लिए:** अजवाइन पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है। अगर आपको गैस, एसिडिटी, और कब्ज की समस्या बनी रहती है, तो आपको इसका रोजाना सेवन जरूरी करना चाहिए।

# भाजपा जयपुर शहर द्वारा अल्बर्ट हॉल जयपुर से रोजगारेश्वर महादेव मंदिर तक श्री राम विशाल यात्रा का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में भाजपा जयपुर शहर द्वारा अल्बर्ट हॉल जयपुर से रोजगारेश्वर महादेव मंदिर तक श्री राम विशाल यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह सोडाला, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, मेयर सौम्या गुर्जर, डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कोठारी, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि नैय्यर प्रसिद्ध समाजसेवी राजू मंगोड़ी वाला जयपुर व्यापार प्रकोष्ठ से प्रेम कुमार जैन क्षेत्रपाल व प्रमोद जैन भँवर भी उपस्थित रहे।

# संगीतमय सुंदर कांड पाठ का हुआ आयोजन



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति, हिंदू युवा वाहिनी व सनातनी बंधुओ के सहयोग से शुक्रवार सायं हनुमान चौक पर संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। नगर के स्त्री-पुरुषों व बच्चों ने भक्तिपूर्वक सुंदर कांड पाठ में भाग लिया। सुंदर कांड पाठ के दौरान नगर का वातावरण धर्ममय हो गया। शनिवार को रामलीला चौक स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में सायं 6:30 बजे महाआरती का आयोजन होगा।

# महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के नवीन भवन का हुआ उद्घाटन



## फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह और भामाशाह डॉ रामदेव मेहता रहे मुख्य अतिथि

**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया**

भैंसलाना। महात्मा गांधी राजकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल के नवीन भवन का उद्घाटन गुरुवार को हुआ ।प्राप्त जानकारी अनुसार भामाशाह डॉ रामदेव मेहता द्वारा स्कूल के भवन निर्माण के लिए दी गई भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री और राज्यसभा सांसद मनमोहन सिंह द्वारा सासंद निधि कोष से स्वीकृत 45 लाख रूपए बने स्कूल भवन का को उद्घाटन हुआ ।सरपंच कमला चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी और भूमि दानदाता रामदेव मेहता रहे ।इस दौरान महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई ।वही विधायक विद्याधर सिंह चौधरी के विधायक बनने के बाद पहली बार आगमन पर ग्रामीणों ने जगह जगह स्वागत किया।

# अतिशय क्षेत्र चूलगिरी पर आयोजित सम्मान समारोह का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जवाहर कला केन्द्र में कारवां की ओर से तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था।इसमें शिल्प गुरु कैलाश शर्मा, शिल्प गुरु गोपाल सैनी, शिल्प गुरु विनोद जांगिड़, जैम स्टोन कार्विंग पृथ्वी राज कुमावत, मीनाकारी के मीनाकर मुकेश कुमावत, शीशम की लकड़ी पर तारकशी के कलाकार राजेश जांगिड़, मूर्तिकार सुनील प्रजापति, जेमस्टोन पेंटिंग सुनीश मारू, जैम स्टोन की मूर्तियां देवल कुमावत, मोजाइक की कलाकार सीमा जैन, चावल पर सूक्ष्म लेखन की कलाकार निरू छाबड़ा को आज पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी पर आयोजित सम्मान समारोह में राजस्थान विधान सभा के सदस्य रफीक खान ने प्रमाण पत्र एवं चूलगिरि अतिशय क्षेत्र के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार, प्रवीण चन्द्र छाबड़ा ने स्टफिक की मूर्तियां भेंट कर कलाकारों का सम्मान किया।

# भाजपा ने धर्मस्थान स्वच्छता अभियान के साथ मनाई महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि

**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**

रावतसर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज श्री जम्भेश्वर जी मन्दिर वॉर्ड नंबर 33 विश्नोई बास रावतसर के प्रांगन मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तीर्थ स्थल स्वच्छता अभियान चलाया गया है जिस मे रावतसर मंडल के सभी सदस्यों ने पहुंच कर श्री जम्भेश्वर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया, वार्ड पार्षद सुमन पूर्ण जी भांभू ने बताया कि श्री राम जी भगवान के अयोध्या नगर मे पधारने पर सबरी की तरह तीर्थ स्थल की सफाई अभियान मे सभी का योगदान सहयोग सराहनीय रहा है। भाजपा नेता मनोज कुमार सोनी ने कहा कि ये धर्म स्थल स्वच्छता अभियान हम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के आह्वान पर 12 तारीख से लगातार चला रहे है जिसमे पार्टी के सभी जन प्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहते है और बड़े उत्साह से कार्यक्रम किए जाते है भाजपा नेत्री ने स्वच्छता आभियान के साथ साथ महाराणा प्रताप के बारे में बताया कि वे एक ऐसे शासक थे, जिन्होंने दुनिया भर में अपनी बहादुरी का डंका बजा रहे अकबर का भी जीना दुश्वार कर दिया था।






## वेद ज्ञान

# साधना के क्षेत्र में मन का महत्व

विचार, साधना और कर्म मानव जीवन के प्रमुख रूप से तीन अंग हैं। इनके फलस्वरूप मनुष्य विचारक, साधक और कर्मठ कहा जाता है। साधना और कर्म में अंतर है। जीवन के समस्त व्यापार अच्छे और खराब कर्म को कहते हैं। जब मनुष्य कर्मधारा को विशेष सद्दिशा में दृढ़ता से मोड़कर उसमें एकाग्रचित्त रहकर ध्यान जमाता है तब वहां उसका साधक स्वरूप दिखाई देता है। साधना के क्षेत्र में मन का बड़ा महत्व है। इसके चलते विचरण करते मन को स्थिर करके ही साधना में रत हुआ जाता है। एक मनुष्य में ये तीनों स्वरूप मिल सकते हैं। कोई अधिक विचारक हो सकता है तो कोई अधिक साधक अथवा अधिक कर्मठ। अधिक विचारक को दार्शनिक भी कहा जाता है। शंकराचार्य का अद्वैत विचारवाला रूप विचारक या दार्शनिक का है। गोविंद भक्ति अथवा संन्यासरत स्वरूप साधक का है। पानी में डूबते समय माता से धर्मप्रचार की आज्ञा मांगने वाला रूप कर्मी या कर्मशील पुरुष का है। विनय पत्रिका में माया तथा मानस में नाम और राम का विवेचन करने वाले तुलसीदास जी विचारक या दार्शनिक हैं। बिंदुमाधव की छवि निहारने वाले, सत्संगनिरत और एकाग्रमन से विनयपत्रिका लिखने वाले तुलसीदास साधक स्वरूप हैं। दुखों से संघर्ष करने वाले, शैवों की उपेक्षा को हंसकर टालने वाले और मित्र टोडरमल के स्वर्गधाम गमन के उपरांत उनके पुत्रों को प्रबोध प्रदान करने वाले तुलसीदास कर्मठ स्वरूप ही हैं। मनुष्य की भांति राष्ट्र, साहित्य और धर्म के भी तीन स्वरूप होते हैं। प्रत्येक संप्रदाय, मत, जाति और समाज में ये तीनों अंग दर्शन, साधना तथा व्यवहार रूप में देखे जा सकते हैं। कोई मत या धर्म दर्शन-प्रधान हो जाता है तो कोई साधना या व्यवहार प्रधान। हिंदू धर्म दर्शन-प्रधान है। इसमें साधना भी बहुत फैली, लेकिन अब न साधना है और न व्यवहार। हालांकि साधना के नाम पर लोग कभी-कभी राम स्मरण कर लेते हैं, लेकिन देखा जाए तो दूसरों के हित के समान विश्व में कोई धर्म ही नहीं है और इसी प्रकार दूसरों को पीड़ा देने के समान अधर्म या पाप नहीं है। धर्म की ऐसी कल्याणकर और संपन्न परिभाषा मुश्किल से प्राप्त होती है। धारण करने वाला गुण ही तो धर्म है।

## संपादकीय

# चीतों की मौत की घटनाओं से उपजे सवाल

मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की मौत की घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि उत्साह के बरक्स संरक्षण को लेकर दूरदर्शिता में कमी और पारिस्थितिकी की बारीकियों को नजरअंदाज करना कैसे नतीजे दे सकता है। गौरतलब है कि मंगलवार को कूनो उद्यान में ''शौर्य'' नाम के एक चीते की मौत हो गई। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों में से अब तक दस की मौत हो चुकी है। कुछ समय पहले से ऐसी



लगातार घटनाओं को लेकर चिंता जताई जा रही है और अपेक्षा की जा रही है कि सरकार बचे हुए चीतों के जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करेगी। मगर जिस तरह कुछ अंतराल पर चीतों की मौत की खबरें आ रही हैं, उससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या भारत का मौसम इन चीतों के लिए प्रतिकूल है या फिर यह व्यवस्था और देखरेख में कमी की वजह से उपजी समस्या है। आखिर क्या वजह है कि नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए जाने के कुछ समय बाद चीतों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया? अपने मूल देशों के जलवायु में रचे-बसे चीतों को भारत में लाने के साथ क्या यह सुनिश्चित किया गया कि उन चीतों को उनके अनुकूल पारिस्थितिकी मिल सके, ताकि वे अपना स्वाभाविक जीवन जी सकें! भारत में 1952 में आधिकारिक रूप से एशियाई चीतों के लुप्त होने की घोषणा कर दी गई थी। हालांकि उन्नीसवीं सदी के पहले तक भारत और समूचे एशिया में चीते आम थे। मगर बेलगाम शौक के तहत चीतों को कैद करने या फिर उनका शिकार करने की वजह से इस क्षेत्र के ज्यादातर देशों में एशियाई कहे जाने वाले चीते खत्म हो गए। अब करीब सात दशक बाद भारत में चीतों को फिर से बसाने के लिए ''प्रोजेक्ट चीता'' के तहत प्रयास शुरू तो हुए, मगर इस बीच कूनो में जो चीते लाए गए, वे अफ्रीकी आबोहवा से जीवन पाने वाले हैं। इस बारे में आई एक खबर में शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के हवाले से यह भी बताया गया कि इस पुनर्वास के दौरान ''स्थानीय पारिस्थितिकी'' के पहलू को नजरअंदाज किया गया। इन चीतों की जरूरत के मुकाबले कूनो राष्ट्रीय उद्यान के आकार को भी बहुत कम बताया गया। हालांकि इस मसले पर उपजी आलोचनाओं और सुप्रीम कोर्ट की ओर से जताई गई चिंता के बाद सरकार ने पिछले साल यह सफाई दी थी कि इस बात पर विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि चीतों की मौतें किसी अंतर्निहित अनुपयुक्तता की वजह से हुईं। सवाल है कि फिर एक-एक करके चीते क्यों दम तोड़ते जा रहे हैं! यह संभव है कि अफ्रीकी जलवायु के अभ्यस्त रहे चीतों को भारत का मौसम रास नहीं आ रहा हो और उनका शरीर यहां जीवित रहने को लेकर संतुलन बना पाने में नाकाम हो रहा हो। यह भी हैरानी की बात है कि बीते कई महीने से चीतों की मौत का सिलसिला कायम रहने के बावजूद अब तक उनके मरने का कोई स्पष्ट कारण नहीं खोजा जा सका है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# पश्चिम एशिया संकट

इजरायल और हमास के बीच युद्ध के चलते पश्चिम एशिया की शांति एवं स्थिरता को लेकर जो संकट पैदा हुआ था, वह अब और गहराता दिख रहा है। हमास का समर्थन करने के नाम पर यमन के एक हिस्से पर काबिज हाउती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों को जिस तरह निशाना बनाना शुरू किया, उसके चलते अमेरिका एवं ब्रिटेन को उनके खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ा। माना जा रहा है कि अमेरिका और ब्रिटेन की इस कार्रवाई के जवाब में ही गत दिवस ईरान ने इराक और सीरिया में इन दोनों देशों के समर्थन वाले गुटों को निशाना बनाया। ये हमले करके ईरान ने इजरायल के साथ अमेरिका को भी यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह पश्चिम एशिया में उनके हितों को चोट पहुंचाने में समर्थ है। ईरान ने इराक और सीरिया पर हमले करने के साथ लगे हाथ जिस तरह पाकिस्तान में भी बलूचिस्तान में सक्रिय एक आतंकी संगठन के ठिकाने पर हमले किए, उससे यही लगता है कि वह अपनी ताकत के प्रदर्शन का कोई मौका छोड़ना नहीं चाहता। माना जाता है कि यह वही आतंकी संगठन है, जिसने कुलभूषण जाधव का ईरान से अपहरण कर पाकिस्तान को सौंपा था। ईरान के हमले से पाकिस्तान का तिलमिलाना स्वाभाविक है, लेकिन वह इस सच से मुंह नहीं मोड़ सकता कि उसकी जमीन पर किस्म-किस्म के आतंकी संगठन पल रहे हैं। पाकिस्तान ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है, लेकिन इसमें संदेह है कि इससे उसकी सेहत पर कोई असर पड़ेगा। पाकिस्तान ईरान के हमले को लेकर चाहे जितना शोर मचाए, उसे किसी की हमदर्दी इसलिए हासिल नहीं होने वाली, क्योंकि यह हमला एक आतंकी संगठन के ठिकाने पर किया गया। पाकिस्तान कितनी भी कठिनाई से घिरा हो, लेकिन वह आतंकी संगठनों को पालने-पोसने से बाज नहीं आ रहा है। अब जब पाकिस्तान पर ईरान के हमले से



पश्चिम एशिया का संकट दक्षिण एशिया के मुहाने पर आ गया है तो फिर भारत को सतर्क रहना होगा। वैसे तो भारत और ईरान के संबंध सामान्य हैं और पिछले दिनों भारतीय विदेश मंत्री वहां गए भी थे, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि लाल सागर में जो हाउती विद्रोही समुद्री व्यापार के लिए संकट पैदा कर रहे हैं, उन्हें ईरान का वैसा ही खुला समर्थन हासिल है, जैसे इजरायल को मिटाने की सनक से ग्रस्त गाजा में सक्रिय हमास और लेबनान में असर रखने वाले हिजबुल्ला को है। ऐसे संगठनों को उकसा रहा ईरान पश्चिम एशिया की शांति के लिए खतरा बन सकता है। यदि उसने हाउती विद्रोहियों को लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमले करने से रोका नहीं तो इससे दुनिया के अन्य देशों के साथ भारत के आर्थिक हितों को भी नुकसान पहुंच सकता है। भारत को सुनिश्चित करना होगा कि ऐसा न होने पाए। इसके लिए उसे समुद्र में अपनी सैन्य ताकत भी बढ़ानी होगी।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक



**सिमलिया. शाबाश इंडिया**

क्षेत्र के चीन्सा गाँव के पास NH 27 पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया इस दौरान थाना अधिकारी उम्मेद सिंह ने बताया की सड़क पर कभी भी बिना हेलमेट के गाड़ी नहीं चलना चाहिए इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है। थानाधिकारी ने इस दौरान सभी को फूल देकर लोगों से अपील की बिना हेलमेट के गाड़ी नहीं चलाये इस दौरान वहां पर कैलाश, दीपक मीणा, महेंद्र सिंह, देवप्रकाश गोचर महावीर गुर्जर, आदि मौजूद रहे।

# 21 की शाम भगवान श्री राम के जय घोष से गूंजेगी अंबाह नगरी


### होगा भव्य भजन संध्या का आयोजन

**अजय जैन.शाबाश इंडिया**

अम्बाह। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजली जिनेश जैन द्वारा 21 जनवरी रविवार को शाम 6:00 बजे स्थानीय श्री टेकचंद जैन विद्यापीठ में एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम के रुप में एक विशाल धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम की भव्य भजन संध्या तथा संगीतमय महाआरती होगी इस कार्यक्रम को मुंबई के प्रसिद्ध प्रेम भाटिया म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें भजन गायन के साथ-साथ विभिन्न भजनों पर कलाकारों द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किए जाएंगे तथा इस दौरान मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन द्वारा बताया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है जिस को लेकर लोगों में उत्साह व्याप्त है साथ ही यह हम सभी लोगों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक और गौरवशाली अवसर है जिसकी प्रतीक्षा देशवासियों द्वारा पिछले 500 वर्षा से की जा रही थी। जैन ने बताया कि इस गौरवशाली अवसर को चिरस्मरणीय बनाने साथ ही आगामी 22 जनवरी को लोकार्पित होने जा



रहे दिव्य और आलौकिक राम मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए लोगों को प्रेरित तथा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 22 जनवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजन श्रृंखलाबद्ध किये जा रहे हैं। इन सभी कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता अपेक्षित है साथ ही समस्त नगरवासियों से आग्रह है कि 21 जनवरी की शाम को श्री टेकचंद जैन विद्यापीठ में आयोजित होने वाले भजन, महाआरती आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ ग्रहण करें।






# "बल्ड कम्पोनेंट रिक्विजिशन टू ट्रांसफ्युजन" पर संगोष्ठी

## दाता से रक्त लेकर मरीज को चढ़ाने तक की प्रक्रिया, नर्सिंग कर्मियों को समझाई






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

''स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक'' एवं ''स्वास्थ्य कल्याण एजुकेशन सोसायटी'' के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रक्त संग्रहण केन्द्र में ''बल्ड कम्पोनेंट रिक्विजिशन टू ट्रांसफ्युजन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।'' संगोष्ठी के मुख्य अतिथि सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज के ट्रांस्फ्यूजन मेडिसिन विभाग के विभाागाध्यक्ष डॉ. बी. एस. मीना ने नर्सिंग कर्मियों को सम्बोधित करते हुये बल्ड कम्पोनेंट रिक्विजिशन टू ट्रांसफ्युजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंकिंग में हमारा मुख्य उदेश्य आम जन को सुरक्षित रक्त पहुंचाना होना चाहिए। साथ ही हमें यह ध्यान रखना पडेगा कि नई टैक्नोलोजी के नाम पर रक्त की जांच की कीमत आम जन की पहुंच से बाहर ना हो पाए। एम्स के प्रेसिडेंट एवं स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एस एस अग्रवाल संगोष्ठी में शामिल अतिथियों और नर्सिंग कर्मियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि राजस्थान में देश के अन्य प्रांतों की तुलना में ब्लड बैंकिंग का स्तर काफी उच्चतम है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान भी हमारे प्रदेश में विगत वर्षो की तुलना में काफी बढ़ा है और जल्द ही हम देश के प्रथम पांच राज्यों में शामिल होंगे। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमें प्रदेश में नये ब्लड बैंक चालू करने की जगह ब्लड स्टोरेज सेन्टर्स खोलने एवं केन्द्रीयकृत ब्लड बैंकिंग व्यवस्था की तरफबढना चाहिए। इसके लिए उन्होंने ''आवश्यकता का इंतजार ना करें - रक्तदान आज करें बार-बार करें'' स्लोग्न दिया। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड सेंटर के डायरेक्टर एवं राजस्थान हॉस्पिटल के वाईस चेयरमैन डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने ब्लड क्लेक्शन से लेकर ब्लड ट्रांसफयूजन तक नर्सिंग के अहम रोल को उदधृत करते हुए कहा कि इसके लिए उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण की सतत आवश्यकता है। इस अवसर पर आरएचएल एडिक्शनसेन्टर के डायरेक्टर डॉ. राघव शाह ने युवाओं में बढते नशे की प्रवृति को लेकर कहा कि दक्ष नर्सिंग केयर इस प्रवृति को रोकने में सहायक हो सकती है। संगोष्ठी के मुख्य सत्र को सम्बोधित करते हुए स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद अग्रवाल ने स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के लक्ष्य, उद्देश्य एवं गुणवत्ताओं के बारे में जानकारी दी।डॉ. उर्मिल धुरिया, टेक्निकल सुपरवाईजर गोपाल शर्मा एवं सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. ओ. पी. गुप्ता ने ट्रांसफ्यूजन ऑफ ब्लड एण्ड ब्लड कम्पोनेंटस रियक्शन एण्ड मेनेजमेंट, स्टोरेज एण्ड ट्रांसपोटेशन एण्ड प्रोसेसिंग ऑफ एस.डी.पी. के बारे में बताया। संगोष्ठी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश माथुर, सीनियर कन्सलटेंट डमेटोलॉजी, राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर, स्वास्थ कल्याण ब्लड बैंक के सीनियर कन्सलटेंट ट्रांसफ्युजन मेडिसिन एवं पेरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के के मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। संगोष्ठी में जयपुर शहर के विभिन्न अस्पतालों (एडवान्स न्यूरोलोजी एण्ड सुपर स्पेशियलिटी (ब्रेन टावर), एपेक्स हॉस्पिटल (मालवीय नगर, मानसरोवर) बेबीलॉन हॉस्पिटल, भंडारी हॉस्पिटल, फोर्टिस हॉस्पिटल, जयपुरियाहॉस्पिटल, आई.बी.एस, हॉस्पिटल, जीवनरेखा हॉस्पिटल, खण्डाका हॉस्पिटल, नॉर्थ वेस्टर्न रेल्वे सेन्ट्रल हॉस्पिटल, प्रकाष हॉस्पिटल, राजस्थान हॉस्पिटल लि., सेल्बी हॉस्पिटल, सोमानी हॉस्पिटल, वेल्टन हॉस्पिटल) एवं अन्य अस्पतालों के 47 नर्सिंग कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# गाजेबाजे के साथ श्री राम जी की शोभायात्रा एवं भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी 22 को

## संगीतमय सुन्दर काण्ड एवं हनुमान चालीसा के होंगे पाठ, बालाजी के पौषबड़ा का आयोजन किया जाएगा 22 को



**विमल जौंला. शाबाश इंडिया**

**निवाई।** अयोध्या में श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। उसके उपलक्ष में 22 जनवरी को सुबह निवाई बस स्टैंड बालाजी भक्त मंडल के तत्वावधान में 400 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली जाएगी। महन्त पण्डित परशुराम शर्मा ने बताया कि श्री राम शोभायात्रा में हनुमान अखाड़ा , 50 ध्वज यात्रा , ठाकुर जी की झांकी , राम दरबार की झांकी , रामधुनी एवं डीजे और आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसकी ड्रोन द्वारा वीडियो एवं बस स्टैंड मंदिर के बाहर विशाल एलईडी लगाकर लाइव प्रोग्राम दिखाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक कमल बडागांव एवं मोनू चंवरिया ने बताया कि 22 जनवरी को शोभा यात्रा का समय प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा। दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे के बीच महाआरती एवं मंदिर की झांकी सजाने का कार्य किया जाएगा। दोपहर 3:00 बजे से 7:00 बजे के बीच पोष बड़े वितरण एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। विमल जौंला ने बताया कि शाम 7:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक सामूहिक सुंदरकांड एवं सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ किए जाएंगे।

# सीकर रोड,लोहामंडी योजना मामले में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 21 साल से जेडीए में अटकी सीकर रोड,लोहामंडी योजना में आ रही परेशानियों को लेकर जयपुर हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन , बिजली व्यापार संघ, जयपुर सेनेटरी डीलर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में गुरुवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को शीघ्र भौतिक कब्जा दिलवाने के लिए ज्ञापन दिया। इस मौके पर तीनों एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष रमन लोहिया,राजकुमार जिंदल,मनीष गुलाटी,मनोज जैन पापड़ीवाल, विमल जैन, अनिल मंगल, अखिलेश कांटावाला ,अनिल मुखी व सुभाष जाजू ने बताया कि 2002 में जेडीए ने लोहा मंडी योजना में भूखंड आवंटित किए थे जिसमें व्यापारियों ने योजना में संपूर्ण राशि एवं कुछ व्यापारियों ने 20हजार रुपए की डीडी जमा करा दी गई थी , जिसका अब तक 21 वर्ष पश्चात भी भौतिक कब्जा नहीं दिया है। इस मौके पर यूडीएच मंत्री खर्रा ने व्यापारियों की परेशानी को सुना और इस समस्या को जल्द निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उपस्थित सभी व्यापारियों ने परेशानी की सुनवाई एवं जल्द निस्तारण के लिए आग्रह कर धन्यवाद दिया।

# जैन समाज करेगा गांधी पार्क पर धर्म सभा सम्मान समारोह

## प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर किया जायेगा मिष्ठान वितरण



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

सभी भारत वासियों को गौरव के क्षण होंगे जब तीर्थंकर प्रभु की कर्म स्थली तीर्थ राज श्री अयोध्या जी में पांच सौ वर्षों के वाद मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र जी नवीन मन्दिर में विराजमान होंगे। इस दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर भारतीय अपने स्तर पर प्रयास कर रहा है हम भी इन क्षणों को अविस्मरणीय बनाने के लिए नगर के हृदय स्थल गांधी पार्क पर धर्म सभा के साथ प्रसादी का वितरण करेंगे उक्त आश्य केउद्गार सुभाष गंज स्थित वर्धमान धर्मशाला में जैन समाज की मीटिंग में समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने व्यक्त किए ।

### सभी मिलकर एक और दीवाली मनाये: राकेश

समाज के महामंत्री राकेश अमरोद ने कहा कि समाज सभी मन्दिर पर लाइटिंग के साथ रांगोली से सजाया जायेगा धर्मशाला और आचार्य श्री विद्यासागर जी द्वार के साथ ही श्री दर्शनोदय थूवोनजी द्वार पर भी सुन्दर विधुत सज्जा की जा रही है। मेरा सभी समाज के प्रतिनिधियों अनुसासित संगठन के सभी साथियों से निवेदन है कि आप अपने आप घरों पर भी दीप जलाकर दीवाली मनाये।

### सांसद विधायको सहित अन्य प्रमुख जन करेंगे धर्म सभा को सम्बोधित: धुर्रा

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के सीधे प्रसारण के दौरान गांधी पार्क पर धर्म सभा को हमारे सांसद डॉ के पी यादव पूर्व मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव चन्देरी विधायक जगन्नाथ सिंह रधुवंशी अशोक नगर विधायक हरिवावू राय नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी विहिप नेता दीपक मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ जन सम्बोधित करेंगे इस अवसर पर जैन समाज सभी समाजों के अध्यक्षो सहित प्रमुखजनों का शाल श्रीफल से सम्मान करेगी इसके साथ ही जन प्रतिनिधियों का भी बहुमान किया जायेगा।


# पंचम पुण्यतिथि

## श्री कैलाश चन्द बैद

वरिष्ठ पत्रकार एंव राजस्थान की प्रथम
विज्ञापन एजेन्सी के संस्थापक
(पुत्र स्व.श्री मदनलाल जी जैन बैद,बडियाल वाले)



आपकी सीख
वो छॉव है,
जिसमें सदैव
सुकून का अहसास
और आपके स्नेह का
आभास है !
आप हमारी यादों में
हमेशा अमर है ।

शत् शत् नमन...

श्रद्धानवत :

राजकुमार-राजकुमारी बैद, आशीष-डॉ. शिप्रा बैद (पुत्र-पुत्रवधू),
डॉ. रिया (पौत्री), गौतम, हार्दिक, तनिष्क (पौत्र),
तारा-देवेन्द्र बाकलीवाल, अन्जना-कमल बडजात्या (पुत्री-दामाद),
कोविद-निधी बाकलीवाल(दोहिता-वधू),परिधि-सौरभ बिलाला (दोहिती-दामाद),
सलोनी (दोहिती) एवं समस्त बैद परिवार बडियाल वाले

**रिषभ एडवरटाईजिंग एजेन्सी**
**राजस्थान एडवरटाईजिंग एजेन्सी**

ऑफिस : एस.21, सरदार भवन, बापू नगर, जयपुर

निवास : 10 बी/1 वसुन्धरा कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर.
50, राजविला, सोनाबाडी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर.



# जी डिजिटल इंडिया के नवीन ऑफिस का हुआ शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जी डिजिटल इंडिया के नवीन ऑफिस का हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य हाथोज धाम द्वारा हुआ भव्य शुभारंभ हुआ। कंपनी के निदेशक मनीष जैन ने बताया की कंपनी का कोर वर्क वेबसाइट डेवलपमेंट और डिजिटल मार्केटिंग का है। आगामी 26 जनवरी से डिजिटल शिक्षा का भी कोर्स करवाया जायेगा। जिससे युवा पीढ़ी को रोजगार के अवसर मिलेंगे। डिजिटल ट्रेनर विनय चौहान ने बताया की इस अवसर पर गरीब व कमजोर वर्ग,शहीद सैनिको के बच्चों को निशुल्क एक महीने की शिक्षा दी जाएगी। मार्केटिंग हेड शिव प्रताप ने सभी के साथ मिलकर आगामी 22 जनवरी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर स्वामी जी को राममंदिर स्वरूप प्रदान किया।

# पदमचंद राजमती जी पाटनी ने प्राप्त किया गुरु मां का मंगल आशीर्वाद



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में विराजमान गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ के दर्शनार्थ एवं आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु सी ई ओ जगदीश मीणा क्षेत्र पर पधारे। पदमचंद राजमती पाटनी विवेक विहार जयपुर वाले सालगिरह के अवसर पर पूज्य गुरु माँ का आशीर्वाद लेने पहुंचे। पूज्य माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि सहनशीलता एक ऐसा सत्य है, जिससे प्रायः सभी लोगों को अपने जीवनकाल में रू-ब-रू होना पड़ता है। सहनशील होना एक गुण है, जिससे जीवन का वास्तविक विकास होता है। आज हमारे जीवन में दुख और तनाव हावी हैं। इसका परिणाम यह है कि हम थोड़े से कष्टों से शीघ्र घबरा जाते हैं, क्रोधित हो जाते हैं। सहनशीलता का गुण अभ्यास से सीखा जा सकता है। प्रत्येक कार्य करने की योजना एक सुनिश्चित ढंग से बनाने और उस पर अमल करने से ही सही दिशा में बदलाव संभव है।

# राम आयेंगे तो अंगना सजाएंगे, दीप जलाकर दिवाली मनाएंगे



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** राम आयेंगे तो अंगना सजाएंगे, दीप जलाकर दिवाली मनाएंगे की भावना से महावीर इंटरनेशनल युवा द्वारा दीप वितरण किये। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले पूरा देश राममय हो गया है। बच्चे बच्चे के मन में ₹राम आयेंगे तो अंगना सजाएंगे, दीप जलाकर दिवाली मनाएंगे₹ के भाव छाए हुए है। राज्यमंत्री एवम क्षेत्र के जन जन के लाडले विधायक विजयसिंह चौधरी द्वारा 22 जनवरी को दिवाली की तरह बनाने की अपील की गई है। विधायक की प्रेरणा से एवम अपनी सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारी के निर्वहन के भाव से सामाजिक कार्यों में सक्रिय संस्था महावीर इंटरनेशनल युवा द्वारा आज शहर के बाजारों में दुकानों एवम घरों पर दीपक वितरण करके 22 जनवरी को दीपावली बनाने का संदेश दिया गया। युवा केंद्र के अध्यक्ष आनन्द सेठी ने बताया की इस अवसर पर वार्ड पार्षद ललिता वर्मा एवम विमल पारीक के साथ संस्था के जोन कोषाध्यक्ष सुभाष पहाड़िया, अध्यक्ष रामावतार गोयल, सचिव अजीत पहाड़िया, युवा सचिव विकास पाटनी, राहुल झांझरी, अभिषेक पाटनी, शुभम पारस पहाड़िया, शुभम काला, जितेंद्र पाटोदी, कार्तिक गोयल, अशोक अजमेरा के द्वारा पुरानी धान मंडी, सदर बाजार, पलटन गेट, गोल प्याऊ एवम बालाजी बाजार में सभी प्रतिष्ठानों में दीपक वितरित किए गए एवम 22 जनवरी को दीप प्रज्वलन की अपील की गई।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com